## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आईआईटी कानपुर के एक कार्यक्रम में लिया हिस्सा। कहा– पिछले दस वर्षों में देश में तकनीक के क्षेत्र में हुआ है अभूतपूर्व विकास।
- संभल हिंसा को लेकर गठित न्यायिक आयोग की दो सदस्यीय टीम ने संभल पहुंच कर, की जांच। अधिकारियों और मस्जिद से जुड़े सदस्यों से की पूछताछ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हुए शामिल। कहा– प्रदेश सरकार समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का कर रही है प्रयास।
- सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पीवी सिंधू और लक्ष्यसेन ने जीता एकल खिताब। महिला डबल्स खिताब भी भारतीय खिलाड़ियों ने किया अपने नाम।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय दौरे पर कानपुर पहुंचे। आईआईटी कानपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने अपने सम्बोधन के दौरान छात्रों का आह्वान किया कि भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए तकनीकी तौर पर श्रेष्ठ होना जरूरी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले दस साल में देश ने नवाचार के क्षेत्र में तेजी से प्रगति देखी है। हमारे पेटेंट प्रस्तावों की संख्या दोगुनी हुयी है। आज हिन्दुस्तान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईको सिस्टम है। इतना ही नहीं देश में तीन सौ चौवन बिलियन अमेरिकी डॉलर के सौ से ज्यादा यूनिकॉर्न मौजूद हैं। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कानपुर आईआईटी परिसर में अपनी मां केशरी देवी की याद में पौधा लगाया। इससे पहले उपराष्ट्रपति, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे।

**********

सम्भल हिंसा को लेकर गठित न्यायिक आयोग की दो सदस्यीय टीम संभल पहुंची और जांच शुरू की। न्यायिक टीम ने हिंसा के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही शाही जामा मस्जिद के सदर और कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ–साथ आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। टीम ने घटनास्थल का मुआयना भी किया। जांच करने के पश्चात टीम ने पुलिस अधिकारियों के साथ वार्ता की। मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि टीम में एक अध्यक्ष और एक सदस्य शामिल थे।

***जो उनका शेड्यूल था उसके हिसाब से जो रीड करने का प्लान था उनका केवल उस जगह घटना स्थल का था वो स्ट्रक्चर का था उसके चारों तरफ का था और माननीय अध्यक्ष और माननीय सदस्य दो लोग ही आए थे। बाकी जब पूरी टीम आएगी उसके बाद डिटेल में जो भी उनका शेड्यूल आएगा उसके हिसाब हम सोचेंगे।***

मंडलायुक्त ने बताया कि संभल में हालात धीरे–धीरे सामान्य हो रहे हैं। जिस स्थान पर उपद्रव हुआ था वहां की निगरानी की जा रही है।

**********

प्रयागराज में महाकुंभ–2025 के सफल आयोजन और संचालन के लिये इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेन्टर को अपग्रेड किया जा रहा है। आईसीसीसी सेन्टर का निर्माण कुंभ–2019 में किया गया था, लेकिन महाकुंभ–2025 के भव्य और विशाल होने के कारण इसका उच्चीकरण किया जा रहा है।

***महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और रेलवे स्टेशन निगरानी में आईसीसीसी सेन्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। महाकुम्भ 2025 के मद्देनजर लगभग 1650 नये सीसीटीवी कैमरे, 40 वीएमसीडी, 100 स्मार्ट पार्किंग और 240 एआई कंपोनेट आदि लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही शिकायत निवारण के लिये कालसेंटर में बीस सीटें बढ़ाई जायेंगी। महाकुंभ में आईसीसीसी सेन्टर मेला, एमसीआर सेन्टर, अरैल और झूंसी व्यूविंग सेंटर से पूरे मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया जायेगा, साथ ही एआई कंट्रोल्ड सीसी टीवी कैमरों की मदद से नौ रेलवे स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट और निगरानी का कार्य किया जायेगा। आज से 1920 हेल्पलाइन का कार्य शुरू हो गया। लखनऊ आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह....***

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए महाकुम्भ की तैयारियों को पूरा करने का काम तेजी से किया जा रहा है। अब तक लोक निर्माण विभाग द्वारा 27 सड़कों का पुनर्निर्माण किया गया है, जबकि शेष सड़कों के पुनर्निर्माण का काम 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी तरह 17 सड़कों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी पांच दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है।

**********

उधर, प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ क्षेत्र को जिला घोषित किया है। यह अस्थायी जिला चार माह के लिये बनाया गया है। इस जिले में सम्पूर्ण जिले की तरह ही कार्य होगा। इसके लिये डीएम, एसएसपी सहित सभी विभागों के पद सृजित किये गये हैं। जिले में चार तहसीलों–सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के सड़सठ गावों को शामिल किया गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बारह सौ नवदम्पत्तियों को विवाह के बाद आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि–

***यह आयोजन एक तो सामाजिक समता का प्रतीक है। 1200 जोड़े हैं लेकिन कोई बंधन नहीं न जाति का बंधन है न क्षेत्र का है न भाषा का है। किसी भी प्रकार का मत और मजबह का बंधन भी नहीं दूसरा समाज का एक तो बहुत बड़ी विकृति है दहेज प्रथा उस पर भी एक प्रहार है।***

उन्होंने कहा कि सरकार, समाज में फैली सभी कुरीतियों को दूर करने का प्रयास जारी रखेगी।

**********

प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल के ब्याज और अधिभार में बड़ी राहत देते हुए एकमुश्त समाधान योजना–ओटीएस लागू की गई है। यह पन्द्रह दिसंबर से तीन चरण में प्रभावी होगी। प्रदेश के उर्जा और नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ जिले में यह जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना 15 दिसम्बर से 31 जनवरी 2025 तक लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना में छोटे लोड वाले, कम राशि के बकायेदारों को अधिभार में शत–प्रतिशत छूट दी गई है। अन्य श्रेणी के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।

**********

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत की प्रथम वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी पीवी सिंधू ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में चीन की व्यू लियू यू को हराकर खिताब अपने नाम किया। लखनऊ में खेले गये फाइनल मैच में पीवी सिंधू ने 21–14 और 21–16 से मैच जीता। उन्होंने जीत पर खुशी व्यक्त की। वहीं पुरुष एकल में भारत के प्रथम वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने सिंगापुर के जिया हैंग जेसन को 21–6 और 21–7 से हराकर खिताब जीत लिया। अपनी जीत पर खुशी जताते हुए लक्ष्य सेन ने कहा–

***ये मैच खेल के एंड दा जिस तरीके से मैं मैच के अंदर घुसा और जो मेरा प्रिपरेशन था काफी अच्छा था एंड जो क्राउड सपोर्ट था वो भी उनका भी बहुत साथ मिला। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है जीत के यहाँ पे इसके आगे अभी नेस्ट इयर जो टूर्नामेंट जाएंगे मैं चाहूँगा की मैं उनमें अच्छा करूँ।***

महिला डबल्स में भी भारत की तृषा जोली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने चीन की बाओ ली जिंग और ली कियान को हरा कर चैम्पिनशिप अपने नाम किया। तृषा जोली ने कहा कि पिछली बार हार से सबक लेते हुए इस बार जीत हासिल की।

***पहली बार थ्री हंड्रेड जीता है तो बहुत हैपी हूँ। ऐसे की वो क्राउड के सामने खेलने के टाइम और अलग ही हमारे को एनर्जी आती है तो हम बहुत हमारा मेहनत डाल दिया तो जीत गई हम बहुत खुश हूँ। फिर बीडब्ल्यूएफ फाइनल्स के लिए अभी प्रिपेयर करना है।***

इस बीच मिश्रित युगल के फाइनल मुकाबले में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रासटो थाईलैंड से मैच हार गईं। वहीं पुरुष युगल के फाइनल में भारत के साईं प्रतीक और पृथ्वी कृष्ण मूर्ति की जोड़ी चीन से हार गई।

**********

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कल लखनऊ के गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित मिनी स्टेडियम में एक टेनिस टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। यह टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन आयोजित कर रहा है। प्रतियोगिता में अंडर 10, 12, 14, 16 और अंडर 18 श्रेणियों में बालक–बालिकाओं द्वारा हिस्सा लिया जा रहा है। नवनीत सहगल ने बताया कि इस टूर्नामेंट से टेनिस खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिलेगा।

***सरकार का उद्देश्य खेलों को और प्रोत्साहित किया जाए उसी की तरफ हमारा यूपी टेनिस एसोसिएशन काम कर रहा है और हम विभिन्न कैटेगरी दस साल के कम बच्चों से लेकर के बड़े बच्चों का सबका अलग अलग कैटेगरीज में ये स्टेट चौंपियनशिप हो रही है जिसमें अलग अलग कैटेगरीज में स्टेट चौंपियन घोषित होंगे बच्चे तो उनको आगे बढ़ने का अवसर भी मिलेगा। हम लोग इस प्रयास में है की लखनऊ के लिए एक टेनिस लीग शुरू कराई जाए।***

**********